STEPPING STONE SCHOOL (HIGH)

Subject-2nd language

Topic- Poem

Class- V

Date –2/06/2020

Time limit- 30 minutes

Worksheet no- 15

दिए गए कविता ध्यान से पढ़िए और भावार्थ द्वारा अच्छे से समझिए। फिर याद करके एक पृष्ठ पर विराम चिन्हों सहित लिखिए रेखा अंकित वर्तनी को भी लिखिए और दिनांक अनुसार सजाकर रखिए।

1 बच्चे हैं कर्णधार देश के

आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। इसलिए देश की भावी पीढ़ी के निर्माण के लिए अच्छी शिक्षा, गौरवशाली इतिहास का सम्मान और कठिन परिश्रम अनिवार्य बिंदु हैं, तभी हम सफल नागरिक बनकर देश और विश्व की सेवा कर अपने जीवन को सार्थक कर पाएँगे।



बच्चे हैं कर्णधार देश के
बच्चे गौरव शान देश के।

बच्चे हैं भविष्य की आशा,
बच्चे उन्नति की परिभाषा,
नव-निर्माण करेंगे बच्चे,
बन नागरिक महान देश के।

बापू, नेहरू, पटेल, सुभाष से,
ले मर्यादा के मानक,
दृढ़-स्तंभ बनेंगे देश के
अपने आलीशान देश के।

भगत सिंह, बिस्मिल, आज़ाद से,
प्रेरित हो, भरकर प्रकाश से,
बन बंकिम-टैगोर गर्व से,
गाएँगे गुणगान देश के।

विकसित हो इनकी कद-काठी
ये बनकर बापू की लाठी,
जग में अपनी सुरभि लुटाएँ,
बच्चे हैं अरमान देश के।

–महेशचंद्र त्रिपाठी

अर्थ

प्रस्तुत कविता महेश चंद्र त्रिपाठी द्वारा रचित है। इस कविता के आरंभ की 10 पंक्तियों में कवि कहते है कि आज के बच्चे कल का भविष्य बनेंगे । बच्चे ही बड़े होकर देश के कर्ता-धर्ता होंगे । उनके कार्यों द्वारा ही देश का सम्मान बढ़ेगा । वे देश में विभिन्न विकास द्वारा देश का नया निर्माण करेंगे। इसलिए उन्हें बचपन से ही कठिन परिश्रम और गौरवशाली इतिहास के बारे में शिक्षित करना चाहिए। जिससे वे सच्चे और सफल नागरिक बने और देश की सेवा करें।